RAF SECTOR
NEWS CLIP
28/11/2022

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Gujarat Vaibhav, Ahmedabad, (GUJ)

100 बटा. आर. ए. एफ. ने जाणु गांव में साफ-सफाई का कार्यक्रम आयोजित किया

अहमदाबाद

ए/100 बटालियन आर.ए. एफ./सी.आर.पी.एफ. द्वारा आज ग्राम पंचायत जाणु, अहमदाबाद में श्री गोविन्द प्रसाद उनियाल, कमाण्डेन्ट 100 बटा0 द्रुत कार्य बल के कुशल मार्गदर्शन में तथा संतोष सहगल (उप कमाण्डेन्ट) 100 बटा. आर. ए. एफ. के नेतृत्व में 100 बटालियन आर.ए.एफ. के जवानों द्वारा गोद लिए गए गांव जाणु में सामाजिक कार्यक्रम के अंतर्गत गांव में साफ-सफाई का आयोजन किया तथा गांव की शान्ति समिति के साथ बैठक का आयोजन किया गया। कैलाश चन्द (सहा. कमाण्डेन्ट) 100 बटा. आर. ए. एफ. ने गांव के लोगों तथा स्कूल के बच्चों को गांव की साफ-सफाई के बारे में बताया। जिसमें जाणु ग्राम के सरपंच धनसुख गोहिल, उप सरपंच विष्णु पटेल एवं गांव के लोगों तथा स्कूल के बच्चों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में जाणु गांव के समस्त ग्रामवासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और वाहिनी द्वारा आयोजित उक्त सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की।

Allahabad Exprees, Allahabad, (UP)

आर ए एफ ने मनाया संविधान दिवस

इलाहाबाद एक्सप्रेस
- कपिल सिंह

प्रयागराज 101 आर एएफकैंप परिसर में दिनांक 26 11 22 को संविधान दिवस के उपलक्ष में

शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया श्री मनोज कुमार गौतम कमांडेंट 101 द्रुत कार्य बल ने जवानों व अधिकारी गणों को संविधान के प्रति श्रद्धा मान एवं सच्ची निष्ठा बनाए रखने हेतु शपथ दिलाई उक्त अवसर पर कमांडेंट श्री मनोज कुमार गौतम ने अधिकारियों व जवानों को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम भारत के लोग भारत को एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए तथा उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक न्याय विचार अभिव्यक्ति विश्वास धर्म और उपासना की स्वतंत्रता प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त करने के लिए तथा उन सब में व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता हुआ अखंडता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं इस कार्यक्रम में श्री प्रेमजीत कुमार द्वितीय कमान अधिकारी श्री नरेंद्र कुमार द्वितीय कमान अधिकारी श्री विनोद कुमार उप कमांडेंट श्री बृजेश कुमार दुबे उप कमांडेंट श्री प्रदीप कुमार पाठक उप कमांडेंट श्री प्रदीप कुमार उप कमांडेंट श्री तेज सिंह उप कमांडेंट श्री मुकेश कुमार पांडे उप कमांडेंट व डॉक्टर अशोक कुमार वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी अन्य अधिकारीगण अधीनस्थ अधिकारी गण जवान व महिला कार्मिक उपस्थित रहे।

Dainik Bhaskar, Jamshedpur, (JKD)

रैफ के जवानों ने संविधान दिवस पर ली शपथ



जमशेदपुर | सुंदरनगर स्थित रैफ 106वीं बटालियन परिसर में शनिवार को संविधान दिवस पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। बटालियन के सेकेंड कमांडिंग ऑफिसर शैलेंद्र कुमार ने जवानों को शपथ दिलाई। लोकतंत्र में संविधान के महत्व के बारे में भी अवगत कराया।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।